बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

विपणन व प्रचार विभाग,
प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजीनगर, पुणे - 411 005
020- 25614366
cmmedia@mahabank.co.in; media@mahabank.co.in

प्रेस विज्ञप्ति

05.06.2020

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आरएलएलआर को 40 बीपीएस और एमसीएलआर को 20 बीपीएस तक घटाया

पुणे, **5 जून**, **2020**: देश के एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने 8 जून, 2020 से अपनी रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) को 40 बीपीएस से घटा दिया है। आरएलएलआर को घटाकर 7.05% किया गया है।

अब सभी रिटेल ऋण (आवास, शिक्षा, वाहन), एमएसएमई को ऋण, जो आरएलएलआर से जुड़े हैं, सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे। इससे रिटेल और एमएसएमई उधारकर्ताओं को और अधिक फायदा होगा।

बैंक ने लगातार तीसरे महीने अपनी निधि आधारित उधारी दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को भी कम किया है। 8 जून, 2020 से सभी अवधियों पर एमसीएलआर दर मौजूदा स्तर से 20 बीपीएस कम हो गई है। बैंक की ओवरनाइट, एक महीने और तीन महीने की एमसीएलआर को इन अवधियों के लिए 7.20% (7.40% से), 7.30% (7.50% से) और 7.40% (7.60% से) तक घटा दिया गया है। छह महीने के लिए, एमसीएलआर दरों को संशोधित कर 7.50% (7.70% से घटाकर) और एक वर्ष एमसीएलआर को 7.70% (7.90% से घटाकर) कर दिया गया है।

बैंक की एमसीएलआर में कमी का उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और औद्योगिक विकास का समर्थन करना और दर संचरण सुनिश्चित करना है।